**Regarding flight services from Surat to Raipur**

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारडोली) : माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

आदरणीय महोदया, मैं इस सदन के माध्यम से सूरत से रायपुर और रायपुर से सूरत आने-जाने के लिए सीधी उड़ान सेवा की आवश्यकता का मामला उठाना चाहता हूं । सूरत भारत का एक विकसित शहर है, जिसे डायमंड सिटी कहा जाता है और अब लैब-ग्रोन डायमंड सिटी एवं टेक्सटाइल सिटी के नाम से भी जाना जाता है । माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार द्वारा देश में बनाए गए आठ इकोनॉमिक रीजन्स में से सूरत भी एक इकोनॉमिक रीजन है । सूरत में हरेक राज्य के लाखों लोग रोजगार एवं व्यवसाय करने हेतु रहते हैं और उनका हमेशा वहां आना-जाना लगा रहता है ।

सूरत एवं रायपुर व्यावसारिक तौर पर एक-दूसरे के पूरक हैं । अब रायपुर में भी डायमंड एवं ज्वैलरी इत्यादि का व्यापार बढ़ रहा है । सूरत से रायपुर के लिए सीधी उड़ान सेवा न होने के कारण, लोगों को लंबे समय की यात्रा का सामना करना पड़ता है । सूरत से रायपुर और रायपुर से सूरत आने-जाने के लिए सीधी उड़ान सेवा के शुरू होने से व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा ।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री जी से यह सेवा अतिशीघ्र शुरू करने की मांग करता हूं ।

माननीय सभापति : श्री पर्वतगौड़ा चंदनगौड़ा गद्दीगौदर ? उपस्थित नहीं ।

श्री अशोक कुमार रावत जी ।